भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
गृह मंत्रालय
MINISTRY OF HOME AFFAIRS/GRIH MANTRALAYA
बिहार के जनगणना निदेशक का कार्यालय
OFFICE OF THE DIRECTOR OF CENSUS OPERATIONS, BIHAR
बिहार राज्य सहकारिता बैंक भवन, अशोक राज पथ, पटना 800 004
Bihar State Co-Operative Bank Bhawan, Ashok Raj Path, Patna-800 004
Phone No. 0612-2675929, 2675672,Fax-0612-2675049 Email dco-bih.rgi@censusindia.gov.in

पत्रांक AHS / 51 / 2014 दिनांक–

निविदा सूचना

जनगणना कार्य निदेशालय, बिहार के अधीनस्थ AHS से संबंधित सादे एवं भरी हुई अनुपयुक्त अभिलेख जो बिहार राज्य भंडारण निगम, फतुहा में संधारित हैं, अनुसूचियॉं के निस्तारण हेतु पल्पिंग सुविधा रखने वाले पेपर मिलों/पल्प मिलों/अन्य फर्मों से Two Bid System (Technical Bid and Financial Bid) निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मों द्वारा अपनी तकनीकी बिड (Technical Bid) एवं वित्तीय बिड (Financial Bid) को अलग–अलग लिफाफों में रखकर पुनः एक बड़े लिफाफे में बंद कर दिनांक 05.01.2016 के दोपहर 3 बजे तक भेज सकते हैं अथवा कार्यालय में रखे निविदा बॉक्स में सीधे जमा कर सकते हैं। तकनीकी बिड में दिए गए शर्तों को पूर्ण करने वाले फर्म के ही वित्तीय बिड को खोलने की कार्यवाही की जाएगी। लिफाफे पर स्पष्ट अक्षरों में **सादे एवं भरी हुई अनुपयुक्त अनुसूचियॉं के निस्तारण हेतु निविदा** लिखा जाना अनिवार्य है। निविदा दिनांक 11.01.2016 को संध्या 4 बजे खोली जायेगी। निविदा खोलते समय निविदादाता या उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

AHS से संबंधित सादे एवं भरी हुई अनुपयुक्त अभिलेख का कुल अनुमानित प्राक्कलित वजन लगभग 1.5 (डेढ़ टन) टन है। संधारित अभिलेखों को किसी भी कार्य दिवस में पूर्व सूचना के साथ 11.00 पूर्वा. से 5.00 अप. के बीच देखा जा सकता है।
निविदा से संबंधित शर्तें निम्नलिखित हैं:–

(A) तकनीकी बिड (Technical Bid) निम्नांकित प्रमाण पत्रों / प्रपत्रों की सत्यापित प्रतिलिपि निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

1. आयकर द्वारा जारी पैन कार्ड नम्बर की प्रति।
2. फर्म का संचालन में आने का प्रमाण पत्र की प्रति।
3.. श्रम विभाग द्वारा निर्गत निबंधन पत्र की प्रति।
5. सर्विस टैक्स विभाग द्वारा निर्गत निबंधन पत्र की प्रति।
6. फर्म द्वारा जमा किया गया आयकर मद की विगत तीन साल की विवरणी की प्रति।
7. वार्षिक वितीय अंकेक्षण की वितीय वर्ष 2012–2013 एवं 2013–14 की प्रति।
8. मंत्रालयों / विभागों में कार्य करने का अनुभव की प्रति।
9. रू. 1000 (एक हजार रूपये) मात्र का बैंक ड्राफ्ट अग्रधन राशि (ई.एम.डी.) के रूप जो सहायक निदेशक –सह– डी0डी0ओ0 जनगणना निदेशालय, बिहार, पटना के नाम देय हो, समर्पित करना होगा। इस बैंक ड्राफ्ट/राशि को सफलतापूर्वक कार्य समाप्ति उपरांत फर्म को वापस कर दिया जायेगा।

(B) **वित्तीय बिड (Financial Bid)**

1. दरें प्रति क्विंटल प्रस्तुत की जानी चाहिये। स्वीकृत दरें इस कार्यालय द्वारा दरों की स्वीकृति सूचित करने की तिथि से तीन माह की अवधि के अंदर के लिये वैध होंगी।

2. निविदा सिर्फ निविदादाता के लेटर पैड पर जमा किया जाना चाहिये। जहां आवश्यक हो निविदादाता द्वारा मुहर इस्तेमाल किया जाना चाहिये।

3. सामग्री अभिलेखों के लिये पूरा भुगतान करने के बाद हटायी जा सकती है, जो इस कार्यालय के अधिकृत पदाधिकारियों/प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निविदादाताओं के खर्च पर "वे–ब्रिज" पर वजन किये जायेंगे।

4. AHS से संबंधित सादे एवं भरी हुई अनुपयुक्त अभिलेखॉ के सभी अभिलेख गोपनीय हैं तथाकथित अभिलेख "जहां है जैसा है"(बॉक्स सहित) आधार पर उठाना होगा। इलेक्ट्रॉनिक धर्म–कॉटा पर इस निदेशालय के पदाधिकारी/प्रतिनिधि के समक्ष वजन कराने का कार्य सुनिश्चित करेंगे। **अभिलेखों को इस निदेशालय के पदाधिकारी/प्रतिनिधि की उपस्थिति में पेपर मिल में पल्प की जानी है।** इसके अतिरिक्त, अभिलेख किसी अन्य तरीकों से उपयोग नहीं किये जायेंगे अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

5. कार्यालय बिना कोई कारण बताए किसी अथवा सभी निविदाओ को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

21/12/15

(धीरेन्द्र कुमार)
उप निदेशक

ज्ञापांक AHS/51/2014–3150 पटना, दिनांक– 21.12.2015

प्रतिलिपिः– 1. ओ0आर0जी0आई0 वेबसाईट, नई दिल्ली।
2. मुख्यालय सूचना पटट।